अध्याय 36

एसाव के वंशज

अध्याय 36 केंद्रित है एसाव के वंशजों पर, जो एदोमी कहलाए जाते थे। हालाँकि एसाव उस तरह से चुना नहीं गया था जैसे की याकूब था, परमेश्वर ने फिर भी उसे संपत्ति के रूप में सेईर का देश (एदोम) देते हुए आशीषित किया (व्यव. 2:5, 12, 22; यहोशू 24:4)। और, एसाव के वंश के द्वारा, परमेश्वर ने एक राष्ट्र की स्थापना की और इस प्रकार अपने वचन को पूरा किया। इस अध्याय में वर्णित एसाव की वंशावली में कुछ "लोगों के राजा" भी शामिल हैं, जिनकी परमेश्वर ने अब्राहम और सारा से आने की प्रतिज्ञा की थी (17:6, 16)।

एसाव के निकटतम परिवार और पोते (36:1-14)

एसाव का निकटतम परिवार (36:1-8)

[1]एसाव जो एदोम भी कहलाता है, उसकी यह वंशावली है। [2]एसाव ने तो कनानी लड़कियां ब्याह ली; अर्थात् हित्ती एलोन की बेटी आदा को, और ओहोलीबामा को जो अना की बेटी और हिव्वी सिबोन की नातिन थी। [3]फिर उसने इश्माइल की बेटी बासमत को भी, जो नबायोत की बहिन थी, ब्याह लिया। [4]आदा ने एसाव के द्वारा एलीपाज को, और बासमत ने रूएल को जन्म दिया। [5]और ओहोलीबामा ने यूश, और यालाम, और कोरह को उत्पन्न किया। एसाव के ये ही पुत्र कनान में उत्पन्न हुए। [6]तब एसाव अपनी पत्नियों और बेटे-बेटियों, और घर के सब प्राणियों, और अपनी भेड़-बकरी, और गाय-बैल आदि सब पशुओं, निदान अपनी सारी संपत्ति को, जो उसने कनान देश में संचित की थी, लेकर अपने भाई याकूब के पास से दूसरे देश को चला गया। [7]क्योंकि उनके संपत्ति इतनी हो गई थी की वे इकट्ठे न रह सके; और पशुओं की बहुतायत के कारण उस देश में, जहाँ वे परदेशी होकर रहते थे, वे समा न सके। [8]एसाव जो एदोम भी कहलाता है, सेईर नामक पहाड़ी देश में रहने लगा।

आयत 1. उत्पत्ति के मुख्य खण्डों का परिचय एक सामान्य शब्द תּוֹלְדוֹת *(तोलेडोथ)*, से किया जाता है, जिसका यहाँ अनुवाद है **वंशावली**। यह सूची **एसाव** पर बल देती है, जिसे **एदोम** भी बुलाया जाता था (25:25, 29, 30 पर टिपण्णी देखें)। वह एदोमी लोगों का प्रजनक था (36:8, 19, 43)।

आयतें 2, 3. एसाव की मूल वंशावली की शुरुआत तीन **पत्नियों** से होती है।

उसने पहली दो को **कनान की बेटियों** में से लिया था: एक थी **आदा, हित्ती एलोन की बेटी**, और दूसरी थी **ओहोलीबामा, जो अना की बेटी और हिव्वी सिबोन की नातिन थी**। एसाव की तीसरी पत्नी थी **बासमत, जो कि इश्माइल की बेटी और नबायोत की बहिन थी**। उसकी पत्नियों की दो और सूचियाँ दी गई हैं उत्पत्ति 26:34 में, उस पाठ में, "हित्ती बेरी की बेटी यहूदित, और हित्ती एलोन की बेटी बाशमत" के नाम हैं। इन कनानी स्त्रियों के अलावा, उत्पत्ति 28:9 कहता है की एसाव ने ब्याह किया "इश्माएल की बेटी महलत ... , जो नबायोत की बहिन थी।"

इन सूचियों के अंतर के लिए कई स्पष्टीकरण दिए गए है। (1) एसाव की पत्नियां अन्य नामों से भी जानी जाती होंगी, जैसे बाइबल के कई अन्य किरदारों के मामले में था, याकूब (इस्राएल) और एसाव (एदोम) समेत। 36:3 में बासमत और 28:9 की महलत दोनों की पहचान इश्माएल कि बेटी और "नबायोत कि बहिन" के रूप में दी गई है। 36:2 में आदा और 26:34 में बाशमत दोनों को "हित्ती एलोन की बेटी" बुलाया गया है। (2) शायद एसाव की चार पत्नियां थीं। यह संभव लगता है, क्योंकि "ओहोलीबामा" और "यहूदित" एक ही नाम के दो प्रकार नहीं हैं। वह चार हो सकती हैं *आदा* (36:2), या बाशमत (26:34), हित्ती एलोन के बेटी; *ओहोलीबामा* (36:2); *बासमत* (36:3), या महलत (28:9), अब्राहम के बेटे इश्माएल की बेटी और नबायोत की बहिन; और *यहूदित* (26:34), हित्ती बेरी की बेटी। (3) शायद शास्त्री ने लेख की प्रतिलिपि करने में गलती कर दी हो। यह कभी-कभी हो जाता था, क्योंकि प्राचीनकाल की सभी हस्तलिपियों की प्रतिलिपि हाथ से लिखी जाती थी। इस दृष्टिकोण के पक्ष में, सामरी पंचग्रंथ में "बासमत" के स्थान पर "महलत" है 36:3, 4, 10, 13, 17।[1]

इब्रानी मूलपाठ में कहीं और गड़बड़ी हो गई होगी। उदाहरण के लिए, 36:2 कहता है की "अना" "हिव्वी सिबोन की बेटी [בַּת, *बाथ्*] थी" (देखें KJV; NJPSV; ESV)। परन्तु, अन्य प्राचीन सबूत - सामरी पंचग्रंथ, LXX, और सीरियाई समेत - में इसके बजाय "बेटा" है (देखें REB; NRSV; NJB)। इस कठिनाई से बचने के लिए, कुछ अनुवाद सरलता से कहते हैं की ओहोलीबामा अना की "बेटी" और सिबोन की "पोती" थी (NASB; NIV)। हालाँकि, सभी अधिकारी इससे सहमत हैं की 36:24 "अना" को सीबोन का "बेटा" बताता है। गड़बड़ी आयत 2 में लेखक की गलती के कारण हुई होगी।[2]

इस पड़ाव पर एक अलग समस्या उभरती है। आयत दो "सीबोन" की पहचान "एक हिव्वी" के रूप में करती है, जबकि आयतें 20, 21, और 29 सिबोन को "सेईर जो होरी नामक जाती का था, उसके पुत्रों" में शामिल करती हैं। इसने कुछ को इस निष्कर्ष पर पहुँचाया है की "हिव्वी" एक वैकल्पिक तरीका हो सकता है "होरी" लिखने का, परन्तु इसका कोई प्रमाण नहीं है (10:17 पर टिप्पणी देखें)। इसके अलावा, होरीयों को जोड़ा जाता है हुरियों से, जो ईसा-पूर्व दूसरी सहस्राब्दी के प्रथम अर्ध में, मेसोपोटामिया से सीरिया और फिलिस्तीन की ओर चले गए थे[3]; परन्तु होरियों और हुरियों के संबंध के विषय में प्रमाण

अनिर्णायक है।

आयतें 4, 5. इन आयतों में केंद्र-बिंदु एसाव की पत्नियों से हटकर उनके द्वारा उसके लिए, **कनान में जन्मे पुत्रों पर ठहर जाता है**। **आदा** ने एसाव के पहिलौठे को जन्म दिया, जिसका नाम **एलीपज** रखा गया, जिसका अर्थ शायद, या तो होता है "मेरा परमेश्वर *[एल]* एक विजेता है" या "मेरा परमेश्वर *[एल]* शुद्ध/चमकदार है।"[4] वह एक महत्वपूर्ण अधिपति बना (36:10-12, 15, 16; 1 इतिहास 1:35, 36)। "एलिपज" अय्यूब के एक मित्र का भी नाम था (अय्यूब 2:11) जो एदोम के एक नगर तेमान का था (यिर्म. 49:7, 20)। नगर को वह नाम दिए जाने से पहले "तेमान" एलीपज के पुत्र का नाम था (36:11, 15)।

आगे पाठ कहता है की **बासमत ने रूएल** को जन्म दिया, जिसका अर्थ है "परमेश्वर [एल] का मित्र।" यह मनुष्य भी एक अधिपति बना (36:10, 13, 17; 1 इतिहास 1:35, 37)। आने वाले समय में, "रूएल" नाम स्पष्ट रूप से एदोमियों और मिद्यानियों में (निर्गमन 2:15, 18; गिनती 10:29), और इस्राएल (1 इतिहास 9:8) में भी सामान्य हो गया था।

ओहोलीबामा ने यूश, और यालाम, और कोरह को उत्पन्न किया। "यूश" का अर्थ शायद है "परमेश्वर सहायता करे," और यह एक इस्राएली नाम बन गया (1 इतिहास 7:10)। "यालाम" का अर्थ निश्चित नहीं है, परन्तु इस नाम का बेटा भी एक प्रमुख मुखिया बना (36:14, 18; 1 इतिहास 1:35)। कुछ लोगों का अनुमान है की "कोरह" का अर्थ है "गंजा सर," परन्तु यह संदेहास्पद है। इस कोरह के विषय में हमें केवल इतना पता है की अपने भाइयों कि तरह वह भी, एक अधिपति था (36:14, 18; 1 इतिहास 1:35)। यह नाम बाद में दोबारा उभरता है, क्योंकि यह एसाव के पोते और एलिपज के बेटे को दिया गया था (36:16)। इस्राएलियों में, "कोरह" हेब्रोन के एक बेटे का नाम था (1 इतिहास 2:43), और वह कुख्यात लेवी जिसने निर्जन प्रदेश में परमेश्वर से और मूसा से विद्रोह किया था (गिनती 16:1-50)।

आयतें 6-8. आगे वर्णन है एसाव के, **अपने भाई याकूब के पास से दूर**, दक्षिण की ओर सेईर को चले जाने का। यह अस्पष्ट है की एसाव और याकूब का अलग होना उनके पिता की मृत्यु से पहले हुआ था या बाद में (35:28, 29)। पाठ में कुछ पीछे, महनैम में गिलाद के पहाड़ी देश में, लाबान के अपनी बेटियों और नातियों को विदा करके जाने के पश्चात, याकूब ने सेईर देश में अपने भाई एसाव के पास यह सूचना देकर दूत भेजे की वह लोगों और पशुओं के एक बड़े समूह के साथ घर लौट रहा है (32:1-5)। एसाव और उसके चार सौ पुरुष (32:6) सेईर में होंगे, याकूब के कनान को लौटने से पहले। इस समय तक, एसाव के दल ने होरियों को सेईर से बाहर खदेड़ने कि प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली होगी (व्यव. 2:12)।

परन्तु, एसाव, **अपनी पत्नियों और बेटे-बेटियों, और घर के सब प्राणियों, और अपनी भेड़-बकरी, और गाय-बैल आदि सब पशुओं, निदान अपनी सारी संपत्ति को, जो उसने कनान देश में संचित की थी**, को सेईर ले जाने के लिए

तैयार नहीं था, जब तक की याकूब अपने लोगों और पशुओं के साथ नहीं पहुंचा। उसके बाद ही, उसने देखा की **उनकी संपत्ति इतनी हो गई थी कि वे इकट्ठे न रह सके**; और पशुओं की बहुतायत के कारण **उस देश में**, जहाँ वे परदेशी होकर रहते थे, वे समा न सके।[5] फिर एसाव अपने सारी संपत्ति को लेकर **सेईर नामक पहाड़ी देश** को चला गया और दक्षिण कनान को याकूब के लिए छोड़ दिया (इसहाक के मुख्य उत्तराधिकारी के रूप में; 25:33)। इस प्रस्थान के साथ, वह बड़ा भाई बाइबलीय इतिहास से बाहर निकल गया।

लेखक ने इस खंड का ढांचा तैयार किया इस अंतिम कथन के साथ: **एसाव जो एदोम भी कहलाता है** (देखें 36:1)। "एदोम" एसाव के लिए एक वैकल्पिक नाम का कार्य करता है और उसी प्रकार उस क्षेत्र के लिए भी जिसमें उसके वंशज बस गए थे। यह नाम जिसका अर्थ "लाल" है मृत सागर के उस दक्षिणी भाग पर ठीक जंचता है वहां की लाल चट्टानों की रचना के कारण।

एसाव के बेटे और पोते (36:9-14)

[9]सेईर नामक पहाड़ी देश में रहनेवाले एदोमियों के मूल पुरुष एसाव की वंशावली यह है। [10]एसाव के पुत्रों के नाम ये हैं; अर्थात् एसाव की पत्नी आदा का पुत्र एलिपज, और उसी एसाव की पत्नी बासमत का पुत्र रूएल। [11]एलिपज के ये पुत्र हुए; अर्थात् तेमान, ओमार, सपो, गाताम, और कनज। [12]एसाव के पुत्र एलिपज के तिम्ना नामक एक रखैल थी, जिसने एलिपज के द्वारा अमालेक को जन्म दिया: एसाव की पत्नी आदा के वंश में ये ही हुए। [13]रूएल के ये पुत्र हुए; अर्थात् नहत, जेरह, शम्मा और मिज्जा: एसाव की पत्नी बासमत के वंश में ये ही हुए। [14]ओहोलीबामा जो एसाव की पत्नी और सिबोन की नातिन और अना की बेटी थी, उसके ये पुत्र हुए: अर्थात् उसने एसाव के द्वारा यूश, यालाम, और कोरह को जन्म दिया।

आयत 9. उत्पत्ति के मुख्य खण्डों वाला आदर्श परिचय यहाँ दोहराया गया है; फिर एक बार, तोलेडोथ शब्द का इस्तेमाल किया गया है **वंशावली** के लिए (देखें 36:1)। यह नया परिच्छेद (36:9-14) एसाव की तीन पत्नियों और पांच बेटों वाली पिछली जानकारी को दोहराता है (देखें 36:1-5), और **एसाव** को **एदोमियों** के प्रजनक के रूप में मान्यता देता है (देखें 36:1, 8)। जिस भूमि में वे रहते थे उसे पहले **सेईर के पहाड़ी देश** के नाम से जाना जाता था; इसे "सेईर होरी" के नाम पर रखा गया था (36:20)।

आयत 10. वंशावली शीघ्रता से आगे बढ़ती है, दोबारा एसाव की दो पत्नियों द्वारा हुए पुत्रों का उल्लेख करते हुए: **एलिपज** जो **आदा** से जन्मा था और रूएल जो **बासमत** से जन्मा था (देखें 36:4)।

आयत 11. वर्णित सभी पोतों का जन्म सेईर में हुआ था। **एलिपज** के द्वारा एसाव के पाँच पोतों को सूचीबद्ध किया गया है: **तेमान, ओमार, सपो, गाताम, और कनज**। तेमान शायद जेठा पुत्र था एलिपज का, जो की एसाव का जेठा पुत्र

था (36:15)। "तेमान" का अर्थ शायद होता है "दक्षिण"[6]; बाद में, नबियों ने इस नाम का प्रयोग एदोम के किसी ज़िले या नगर का उल्लेख करने के लिए किया (यिर्म. 49:20; यहेज. 25:13; आमोस 1:12; ओबद्याह 9; हबक्कूक 3:3)। अय्यूब के मित्रों में से एक था तेमानी एलिपज (अय्यूब 2:11); और अय्यूब स्वयं भी ऊज़ देश से था (अय्यूब 1:1), जिसे यिर्मयाह द्वारा एदोम के लोगों (पुत्री) के निवास स्थान के रूप में पहचाना गया था (विलाप. 4:21)।

ओमार, सपो, गाताम के विषय में कोई जानकारी नहीं है, और उनके नाम के अर्थ अस्पष्ट हैं। कनज का संबंध उत्पत्ति 15:19 के कनिज्जियों से हो सकता है। इसके अलावा, उसके लोग संभवतया गिनती 32:12 में वर्णित एक यहूदिया गोत्र से सम्बंधित थे[7]।

आयत 12. एलिपज का एक छठा बेटा था **अमालेक** नाम का, जो **तिम्ना** नाम की **रखैल** से हुआ था (36:22 पर टिप्पणी देखें)।[8] क्योंकि वह, एलिपज की सम्पूर्ण पत्नी होने के बजाय दूसरे दर्जे की पत्नी थी, अमालेक बहुतों के द्वारा एक अवैध पुत्र के रूप में देखा गया है।[9] वे विश्वास करते हैं की इसी बात ने इस्राएलियों को अमालेकियों के विरुद्ध कर दिया था।[10] यह तर्क सही नहीं लगता, क्योंकि इस्राएल के गोत्रों में से चार याकूब की रखेली पत्नियों से उत्पन्न हुए थे (30:3-13)। हमारे पास कोई जानकारी नहीं है की इस्राएलियों और अमालेकियों के बीच बैर किस कारण उत्पन्न हुआ; परन्तु, बाइबलीय पाठ स्पष्ट रूप से दिखाते हैं की, बिना किसी उकसाहट के, अमालेक के वंशजों ने निर्जन प्रदेश में इस्राएलियों पर आक्रमण किया था (निर्गमन 17:8-16; गिनती 24:20)। उनका झगड़ा लगातार कई सदियों तक बढ़ता-घटता रहा था, जब तक की शेष बचे अमालेकियों का इस्राएलियों ने, हिज्कियाह के दिनों में, सर्वनाश न कर दिया (ई.पू. आठवीं सदी; 1 इतिहास 4:41-43)।

आयत 13. रूएल, जो कि एसाव और **बासमत** का पुत्र, चार पुत्रों का पिता बना: **नहत, जेरह, शम्मा और मिज्जा** (देखें 1 इतिहास 1:37)। "नहत" के अर्थ का पता नहीं है, परन्तु बाद में लेवी गोत्र के कुछ इस्राएलियों को यही नाम दिया गया था (1 इतिहास 6:19, 26; 2 इतिहास 31:13)। "जेरह" का अर्थ है "उदय होना, चमकना,"[11] और यहूदा और तामार को जन्मे जुड़वाँ बेटों में से एक का नाम भी यही था (38:30; 46:12; मत्ती 1:3)। "शम्मा" के शब्द-साधन पर विचार काल्पनिक ही हैं। यह नाम दाऊद के भाइयों में से एक का (1 शमूएल 16:9; 17:13) और उसके वीर योद्धाओं में से दो जनों (2 शमूएल 23:11, 25) का था। "मिज्जा" का अर्थ अस्पष्ट है।

आयत 14. अंततः **ओहोलिबामा**, एसाव की पत्नी, ने तीन पुत्रों को जन्म दिया: **यूश, यालाम, और कोरह** (देखें 36:5)। यहाँ पर या 36:18 में किसी पोते का वर्णन नहीं है।

एसाव के वंश के अधिपति (36:15-19)

**15एसाववंशियों के अधिपति ये हुए: अर्थात् एसाव के जेठे एलिपज के वंश में
से तेमान अधिपति, ओमार अधिपति, सपो अधिपति, कनज अधिपति, 16कोरह
अधिपति, गाताम अधिपति, अमालेक अधिपति: एलिपजवंशियों में से, एदोम
देश में ये ही अधिपति हुए: और ये ही आदा के वंश में हुए। 17एसाव के पुत्र रूएल
के वंश में ये हुए: अर्थात् नहत अधिपति, जेरह अधिपति, शम्मा अधिपति, मिज्जा
अधिपति: रूएलवंशियों में से, एदोम देश में से ये ही अधिपति हुए; और ये ही
एसाव की पत्नी बासमत के वंश में हुए। 18एसाव की पत्नी ओहोलीबामा के वंश में
ये हुए: अर्थात् यूश अधिपति, यालाम अधिपति, कोरह अधिपति, अना की बेटी
ओहोलीबामा जो एसाव की पत्नी थी उसके वंश में ये ही हुए। 19एसाव जो एदोम
भी कहलाता है, उसके वंश ये ही हैं, और उनके अधिपति भी ये ही हुए।**

आयतें 15-19. इस खंड की शुरुआत और अंत होता है **अधिपतियों** और **एसाव के पुत्रों** ("एसाव के वंशज"; NIV) का वर्णन करते हुए। प्रत्येक समूह को संगठित किया गया है एसाव की उस अमुक पत्नी के अनुसार जिससे वे वंशज आए। पहला समूह **एलिपज**, एसाव के जेठे पुत्र, द्वारा **आदा** से उभरा। एलिपज सात अधिपतियों का पिता बना: **तेमान, ओमार, सपो, कनज, कोरह, गाताम, और अमालेक** (36:15, 16)। वास्तव में, ये वही नाम हैं जो 36:11, 12 में हैं, सिवाय इसके की "कोरह" पहली सूची में नहीं पाया जाता और "कनज" और "गाताम" का क्रम उलट दिया गया है। दूसरा समूह एसाव की पत्नी **बासमत** से रूएल द्वारा आया। चार अधिपतियों को सूचीबद्ध किया गया है: **नहत**, **जेरह**, **शम्मा**, और **मिज्जा** (36:17; देखें 36:13)। तीसरा समूह ओबालीबामा के पुत्रों का है। तीन अधिपतियों का नाम है: **यूश, यालाम,** और **कोरह** (36:18; देखें 36:14)। जबकि पहले समूह में एसाव के पुत्र और पोते (पोते जो अधिपति हुए) सूचीबद्ध हैं, तीसरा समूह केवल पुत्रों (जो अधिपति थे) को ही सूची में रखता है।

वह शब्द **अधिपति** (אַלּוּף, *अल्लुप)* इस अध्याय में कई बार पाया जाता है, और इसी उपाधि का, 1 इतिहास 1:51-54 के समानांतर परिच्छेद में, बार बार उपयोग किया गया है। जब भी पुराने नियम में *अल्लुप* का अनुवाद "अधिपति" किया गया है, वह एदोम के कबीले के सरदारों का उल्लेख करता है (देखें निर्गमन 15:15)।

एसाव के पुत्रों (वंशजों) की सूची में ये अधिपतियों की सूची क्यों शामिल है? *अल्लुप* ("अधिपति") शब्द, शायद उत्पन्न हुआ मूल संज्ञा אֶלֶף (*एलेफ,* "हज़ार") से, और एक ओहदे का वर्णन करने के लिए प्रयोग में लाया जाने लगा, "एक हज़ार का शासक" बताने के लिए।[12] उत्पत्ति 36:15-19, इसीलिए, केवल एक परिवार की वंशावली नहीं, परन्तु "अधिपतियों" के राजनैतिक वंश की सूची है जो अपने विस्तृत परिवारों पर शासन करने का कार्य करते थे।[13]

होरी सेईर के पुत्र और अधिपति (36:20-30)

[20]सेईर जो होरी नामक जाती का था, उसके ये पुत्र उस देश में पहले से रहते थे: लोतान, शोबाल, शिबोन, अना, [21]दीशोन, एसेर, और दीशान: एदोम देश में सेईर के ये ही होरी जातीवाले अधिपति हुए। [22]लोतान के पुत्र, होरी और हेमाम हुए; और लोतान की बहिन तिम्ना थी। [23]शोबाल के ये पुत्र हुए: आल्वान, मानहत, एबाल, शपो, और ओनाम। [24]सिदोन के ये पुत्र हुए: अय्या, और अना; यह वही अना है जिसको जंगल में अपने पिता सीबोन के गदहों को चराते चराते गरम पानी के झरने मिले। [25]अना के दीशोन नाम पुत्र हुआ, और उसी अना के ओबालीबामा नामक बेटी हुई। [26]दीशोन के ये पुत्र हुए: हेमदान, एश्बान, यीत्रान, और करान। [27]एसेर के ये पुत्र हुए: बिल्हान, जाबान, और अकान। [28]दीशान के ये पुत्र हुए: ऊस, और अरान। [29]होरियों के अधिपति ये हुए: लोतान अधिपति, शोबाल अधिपति, शिबोन अधिपति, अना अधिपति, [30]दीशोन अधिपति, एसेर अधिपति, दीशान अधिपति, सेईर देश में होरी जातिवाले ये ही अधिपति हुए।

एसाव के वंशजों को पहचानने की समस्या, इस अध्याय की शुरुआत में आरम्भ होती है, होरी सेईर की वंशावली के विषय में और विकट हो जाती है। यह कठिनाई अध्याय के अंत तक चलती रहती है। अधिकतर नाम अनजान हैं, सिवाय उनके जो पहले से अध्याय 36 में समान वंशावली सूचियों में हैं और जो 1 इतिहास में बाद वाले अभिलेख में मिलते हैं। इन व्यक्तियों पर चर्चा करने से उन नामों पर ध्यान केन्द्रित होगा जो कि पूर्वजों के एक जैसे नामों के बाइबलीय किरदारों, बाइबलीय इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिकाओं वाले परिवारों पर प्रकाश डाल सकता है।

आयतें 20, 21. होरी सेईर के पुत्र उस देश के मूल **निवासी थे** इससे पहले कि एसाव और उसके पुत्रों ने उन्हें वहां से निकाल दिया (व्यव. 2:12, 22)। "होरी" नाम का शब्द-साधन एक तर्क-वितर्क का विषय है, परन्तु कुछ लोग इसे חֹר *(चोर)* से जोड़ते हैं, जिसका अर्थ होता था एक "छेद" या एक "गुफा" (देखें 1 शमूएल 14:11)। शुरुआत के होरी गुफाओं में रहते होंगे,[14] जो उनके क्षेत्रों में प्रसिद्ध थीं (देखें यिर्म. 49:16; ओबद्याह 3)।

एसाव के पुत्रों, जिन्होंने उस देश पर आक्रमण किया, ने सारे होरियों का सर्वनाश नहीं किया होगा, प्रत्यक्ष रूप से कई गोत्र बच गए थे और उन्होंने एसाव के वंशजों के साथ अंतरजातीय विवाह किए। उत्पत्ति 36:9-19 एदोमी गोत्रों का लेखा देता है, जबकि 36:20-30 होरी गोत्रों को सूचीबद्ध करता है। इस वंशावली, जो कि 1 इतिहास 1:38-42 में भी प्रकट होती है, की आवश्यकता थी क्योंकि वह परिवार एसाव के परिवार के साथ मिश्रित हो गया।

होरियों के सात **अधिपतियों** को यहाँ सूचीबद्ध किया गया है: **लोतान, शोबाल, शिबोन, अना, दीशोन, एसेर, ... दीशान**। इन में दो नाम बाद में पुराने

नियम में परमेश्वर के लोगों द्वारा प्रयोग में लाए गए। शोबाल नाम कालीब के एक वंशज को और यहूदा गोत्र के एक सदस्य को दिया गया था (1 इतिहास 2:50, 52; 4:1, 2)। यह संभव है की ये दोनों व्यक्ति "संबंधी" थे।[15] **एसेर** विभिन्न तरीके से लिखा जाने वाला एक लोकप्रिय नाम था जिसका अर्थ "सहायता" हो सकता है।[16] इसे बाद में यहूदा में (1 इतिहास 4:4), एप्रैम में (1 इतिहास 7:21), और गाद में प्रयोग किया गया। गाद का "एजेर," एक प्रशिक्षित योद्धा और अगुवा, दाऊद के "पास आया था" (1 इतिहास 12:9)। बेबीलोन की बंधुवाई से लौटने के बाद, मिज़पा के एक अधिकारी का भी यही नाम था, और उसी प्रकार यरूशलेम के एक याजक का भी (नहेम्य. 3:19; 12:42)।

आयत 22. उन सात होरी अधिपतियों के वंशजों के नाम 36:22-28 में सूचीबद्ध हैं, **लोतान के पुत्रों** से शुरू होते हुए। सूची में पहला है **होरी**, जिसका नाम वही था जिस नाम से उसके लोग ("होरी") जाने जाते थे। एक अन्य स्थान में, "होरी" नाम शिमोन के गोत्र के एक मनुष्य के साथ संबंधित है; उसका पुत्र उन बारह गुप्तचरों में से एक था जिन्होंने कनान देश में प्रवेश किया था (गिनती 13:5)।

लोतान का एक और पुत्र था **हेमाम**। इस नाम का अर्थ अनजान है, परन्तु इसे 1 इतिहास 1:39 में "होमाम" लिखा गया है। लिखावट की ये छिटपुट गलतियाँ हुई होंगी प्रतियां बनाने के दौरान या मसोरी की बेजोड़ता के कारण (जिसने बाद में इब्रानी पाठ में स्वर बिंदु डाले)।

आयत 22 का अंत एक असामान्य कथन से होता है की **लोतान की बहिन तिम्ना थी**। इस स्त्री के वर्णन से लेखक का उद्देश्य होरियों और एसाव के वंशजों के बीच एक संबंध बनाना था। 36:12 के अनुसार एसाव के बेटे एलिपज ने तिम्ना को अपनी रखैल बनाया था।

आयत 23. आगे वर्णन है **शोबाल के** पाँच **पुत्रों** का है। 1 इतिहास 1:40 में **आल्वान** का वर्णन "अल्यान" के रूप में किया गया है और **शपो** का "शपी" के रूप में। संभवतया **मानहत** नाम का अर्थ है "एक विश्राम का स्थान" (1 इतिहास 8:6)[17]; और इसका संबंध हो सकता है "मानोह" से, जो की शिमशोन के पिता का नाम था (न्यायियों 13:2)। शोबाल का एक और बेटा था **एबाल**, और यह नाम संकेत देता है एक महत्वपूर्ण पर्वत का जो कनान के मध्य में स्थित शकेम की उत्तरी दिशा में था (व्यव. 11:29; 27:13)। तो संभवतया "एबाल" एदोमियों और इस्राएलियों के बीच की कड़ी प्रदान करता है। ओनाम, जिसका अर्थ हो सकता है "शक्ति," और यह यहूदा के गोत्रों में भी नाम के रूप में पाया जाता है (1 इतिहास 2:26, 28)।

आयत 24. सिदोन (सिबोन) को दो बेटों के लिए ज़िम्मेदार ठहराया गया है। एक का नाम था अय्या, जिसका अर्थ है "बाज़" या "शिकरा" (लैव्य. 11:14; व्यव. 14:13; अय्यूब 28:7)। राजा शाऊल की रखेलियों में से एक के पिता का नाम भी यही था (2 शमूएल 3:7; 21:8, 10, 11)। सिदोन का एक और बेटा था

अना, जिसे 36:20, 25 में पाए जाने वाले उसके चाचा अना से अलग रखा जाना चाहिए। यह निश्चित करने के लिए की पाठक इन दोनों पुरुषों में गड़बड़ा न जाए, वर्णनकर्ता ने इस नवयुवक के विषय में कुछ अतिरिक्त जानकारी प्रदान की: **यह वही अना है जिसको जंगल में अपने पिता सिबोन के गदहों को चराते चराते गरम पानी के झरने मिले।** जिस इब्रानी शब्द יְמִם *(येमिम)*, का अनुवाद यहाँ "गरम पानी के झरने" किया गया है, वह पुराने नियम में बस एक बार यहीं पर आता है, इसीलिए इसका अर्थ अनिश्चित है। जबकि अधिकतर अंग्रेज़ी के अनुवादों में "गरम पानी के झरने" है (लैटिन भाषा के आधार पर), अन्य में "पानी" (NAB; NKJV), "नखलिस्तान" (CEV), और "खच्चर" (KJV; NEB) है।

आयत 25. अना के बच्चों को शामिल किया गया है। यह "अना" सिबोन का भाई था, और इसीलिए छोटे अना का चाचा था (36:24)। उसका एक बेटा था, **दिशोन**, और उसका भी अपने ही नाम का एक चाचा था (36:21), और **ओहोलीबामा** नामक एक **बेटी** भी थी। पहली दृष्टि में, ऐसा प्रतीत होता है की यह स्त्री एसाव की पत्नियों में से एक थी। परन्तु, यह ओहोलीबामा "अना की बेटी और सिबोन की पोती" थी (36:2, 24)। स्पष्ट है, यह स्त्री एक संबंधी थी जिसका नाम भी वही था।

आयत 26. होरी की वंशावली का लेखा जारी रहता है **दिशोन** के बेटों के साथ: **हेमदान, एश्बान, यीत्रान, और करान**। "हेमदान" 1 इतिहास 1:41 में "हम्रान" के रूप में उभरता है। इन चारों नामों में से केवल "यित्रान" का नाम उत्पत्ति 36 और 1 इतिहास 1 से बाहर भी पाया गया है। यही नाम आशेर के गोत्र के एक इस्राएली का भी था (1 इतिहास 7:37)।

आयत 27. एसेर के पुत्रों की सूची में **बिल्हान** नाम भी शामिल है, जो बाद में बिन्यामीन के वंशजों में पाया गया (1 इतिहास 7:10)। **अकान** 1 इतिहास 1:42 में "याकान" के रूप में उभरता है। यह नाम उभरता है "याकानी" (जिसका अर्थ है "याकन के पुत्र) के पद के रूप में, वह स्थान जो या तो एदोम के निकट या उसके भीतर था जहाँ इस्राएलियों ने निर्जन प्रदेश में भटकते हुए डेरा डाला था (गिनती 33:31, 32; व्यव. 10:6) बाद वाला पाठ एक विस्तृत स्पष्टीकरण देता है, "बिरोथ बेनी-याकन" यानी "याकान के पुत्रों के कुएं।"

आयत 28. होरियों की सूची का समापन होता है **दिशान के पुत्रों से: ऊस, और अरान**। "ऊस" के अतिरिक्त, जिसकी वंशावली की खोज सेईर होरी तक की जाती है, एक अरामी - अराम का वंशज, नूह का पोता - भी था जिसका नाम "ऊस" था (10:23; 1 इतिहास 1:17); यह नाम अब्राहम के भाई नाहोर, के बेटे को भी दिया गया था, जो उसकी पत्नी मिल्का से हुआ था (22:20, 21)। अय्यूब के घर के ठिकाने को लेकर "ऊज देश में" (अय्यूब 1:1) पर तर्क-वितर्क चलता रहा है, परन्तु शायद वह एदोम में रहता होगा (10:23 पर टिप्पणी देखें)।

आयतें 29, 30. ये आयतें इस खंड को बाँधने का कार्य करती हैं (36:20-30)। वे **होरियों** के उन **अधिपतियों** का नाम दोहराती हैं जिनका वर्णन 36:20, 21 में किया गया था। लेखक संकेत देता है की इन्होंने होरी गोत्र को आगे बढ़ाया।

एदोम के राजा और अधिपति (36:31-43)

एदोम के राजा (36:31-39)

[31]फिर जब इस्राएलियों पर किसी राजा ने राज्य न किया था, तब भी एदोम के देश में ये राजा हुए; [32]बोर के पुत्र बेला ने एदोम में राज्य किया, और उसकी राजधानी का नाम दिन्हाबा है। [33]बेला के मरने पर, बोस्रानिवासी जेरह का पुत्र योबाब उसके स्थान पर राजा हुआ। [34]योबाब के मरने पर तेमानियों के देश का निवासी हूशाम उसके स्थान पर राजा हुआ। [35]फिर हूशाम के मरने पर बदद का पुत्र हदद उसके स्थान पर राजा हुआ: यह वही है जिसने मिद्यानियों को मोआब के देश में मार लिया, और उसकी राजधानी का नाम अबीत है। [36]हदद के मरने पर मस्रेकावासी सम्ला उसके स्थान पर राजा हुआ। [37]फिर सम्ला के मरने पर शाऊल जो महानद के तटवाले रहोबोत नगर का था वह उसके स्थान पर राजा हुआ। [38]शाऊल के मरने पर अकबोर का पुत्र बाल्हानान उसके स्थान पर राजा हुआ। [39]अकबोर के पुत्र बाल्हानान के मरने पर हदर उसके स्थान पर राजा हुआ: और उसकी राजधानी का नाम पाऊ है; और उसकी पत्नी का नाम महेतबेल है, जो मेजाहब की नातिन और मत्रेद कि बेटी थी।

आयत 31. यह खंड एक ऐसे अभिलेख से शुरू होता है जब इस्राएलियों पर किसी **राजा ने राज्य न किया था, तब भी एदोम के देश के राजाओं की सूची के साथ**। इस कथन के समयकाल के विषय में, कुछ टीकाकार दावा करते हैं की यह समय इस्राएलियों के चालीस वर्ष निर्जन प्रदेश में भटकने के अंत का हो सकता है। गिनती 20:14-21 एक ऐसे राजा का वर्णन करता है जिसे मूसा ने सन्देश भेजा था, उसे, एसाव और याकूब में उनके भाईचारे का, स्मरण कराते हुए। मूसा, कनान की यात्रा के दौरान उस देश में से, सुरक्षित मार्ग के लिए निवेदन कर रहा था, और उसने वादा किया कि इस्राएली ना तो उनकी किसी उपज में से खाएंगे ना ही उनका पानी पीएंगे। मूसा के मित्रतापूर्ण निवेदन के विपरीत, एदोम के राजा ने उसे कठोरता से उत्तर दिया, और इस्राएल को वहाँ से जाने की अनुमति नहीं दी। उसने एक मज़बूत सैन्यबल भेजा इस्राएलियों को एदोम की भूमि पर अतिक्रमण करने से रोकने के लिए।

इस योग्यता को, की "जब इस्राएलियों पर किसी राजा ने राज्य न किया था," कई लोग पाठ में बाद में जोड़े जाने के रूप में देखते हैं। इसकी भाषा यह संकेत देती है की लेखक ऐसे समय में जीवित था जब इस्राएल पर राजा राज्य कर रहे थे। यदि ऐसी बात थी, तो अधिक सम्भावना यह है की यह समय दाऊद या सुलैमान के राज्यकाल के दौरान का होगा, क्योंकि इनमें से पहला वाला वह प्रथम इस्राएली राजा था जिसने एदोमियों पर विजय प्राप्त कर उनके पूरे देश में अपना सैन्यदल तैनात कर दिया था (2 शमूएल 8:13, 14; 1 इतिहास 18:12, 13)।

फिर भी, यह संभव है की मूसा ने इस्राएल के राजाओं के विषय में यह

टिप्पणी उनके अस्तित्व में आने से पहले लिखी हो। अंततः परमेश्वर ने बहुत पहले यह प्रतिज्ञा की थी की अब्राहम और सारा के द्वारा राजा उत्पन्न होंगे (17:6, 16)। यह दैवी प्रतिज्ञा याकूब को भी दोहराई गई जब वह पद्दनराम से निकला था और परमेश्वर ने उसका नाम बदलकर "इस्राएल" रख दिया था (35:9-11)। इसके अतिरिक्त, परमेश्वर के लोगों द्वारा प्रतिज्ञा के देश में प्रवेश करने से पहले मूसा ने भविष्य के इस्राएली राजाओं के विषय में लिखा; उसने व्यवस्थाविवरण 17:14-20 में उनके शासन के लिए ईश्वरीय नियमों को लिखा।

यह निम्नलिखित राजाओं की सूची दर्शाती है कि एदोम में ऐसी कोई पिता-पुत्र राज-वंश परम्परा नहीं थी जैसी इस्राएलियों की थी जो यरूशलेम में दाऊद और उसके वंशजों द्वारा चली। एदोम के सिंहासन के उत्तराधिकारियों ने विभिन्न राजधानियों से राज्य किया, जो संकेत हो सकता है निर्वाचित कबीला शासन का, न कि एक राष्ट्र पर वंश परंपरा के शासन का। राजा (מֶלֶךְ, *मेलेक)* शब्द का प्रयोग पुराने नियम में कई बार कबीले के शेखों का वर्णन करने के लिए किया गया है बजाय राष्ट्रीय शासक का (न्यायियों 8:5, 12; 1 शमूएल 14:47; 1 राजा 20:24)। बलवान पुरुषों को शायद शासन करने के लिए चुना जाता था उनके अगुवाई के कौशल के आधार पर। उन्हें शायद विभिन्न कबीलों से चुना जाता था, लम्बे समयकाल के दौरान, जिसमें प्रत्येक जन अपने नगर से ही शासन करता था।

आयत 32. पहला राजा था **बोर का पुत्र बेला**। शेष अधिकतर राजाओं की ही तरह, उसका वर्णन केवल यहाँ और 1 इतिहास 1:43-51 की समानांतर सूची में पाया जाता है। यह नाम "बेला," जिसका अर्थ है "भक्षण" या "सर्वनाश," पुराने नियम में अन्य लोगों का भी था (46:21; गिनती 26:38, 40; 1 इतिहास 5:8; 7:6, 7; 8:1, 3)। इस राजा ने **दिन्हाबा में राज किया**, जिसकी स्थिति अज्ञात है।

आयत 33. बेला के मृत्यु के बाद **बोस्रानिवासी जेरह का पुत्र योबाब उसके स्थान पर राजा हुआ** और एदोम पर शासन किया। बाइबल में "योबाब" नाम अन्य लोगों को भी दिया गया है (10:29; यहोशू 11:1; 1 इतिहास 1:23; 8:9, 18)। "बोस्रा" एदोम का राजधानी था (यशा. 34:6; 63:1; यिर्म. 49:13, 22; आमोस 1:12)। इस नगर का आधुनिक नाम बुसैराह है जो मृत सागर से पच्चीस मील की दूरी पर दक्षिण-पूर्व दिशा में प्राचीन राजमार्ग के किनारे स्थित है।

आयत 34. योबाब के मृत्यु के बाद **तेमानियों के देश का निवासी हूशाम उसके स्थान पर राजा हुआ।** पुराने नियम में केवल इसी एदोमी राजा "हूशाम" का वर्णन पाया जाता है (36:34, 35; 1 इतिहास 1:45, 46)। "तेमानियों का देश," एदोम का एक ज़िला है (36:11 का टिप्पणी देखें)।

आयत 35. बदद का पुत्र हदद अगला राजा हुआ जिसने एदोम पर शासन किया। "हदद" नाम बाइबल में अन्य चरित्रों को भी दिया गया है (25:15; 1 राजा 11:14), और दमिश्क के अरामी राजा ने "बेन-हदद" (हदद का बेटा) जैसे उपाधि का प्रयोग किया था (1 राजा 15:18; 2 राजा 6:24)। संभवतः "हदद" ("गरजनेवाला"), तूफान वाला कनानी ईश्वर, बाल ("स्वामी") का

व्यक्तिगत् नाम था। इस ईश्वर की उपासना निर्लज्ज प्रजनन अनुष्ठानों के लिए किया जाता था।

ऐसा कहा जाता है कि एदोमी राजा हदद ने **मोआब देश में मिद्यानियों को पराजित किया था**। यह संभव है कि इस घटना का वृतांत राजा दाऊद के समय इस्राएलियों की महानता का वर्णन करने के लिए किया गया होगा जिसने एदोमियों को पराजित किया था। हदद की राजधानी **अविथ** था जिसकी भौगोलिक परिस्थिति अज्ञात है।

आयत 36. हदद के मृत्यु के बाद, **मस्रेकावासी सम्ला उसके स्थान पर राजा हुआ**। "सम्ला" केवल इसी एदोमी राजा के लिए प्रयोग किया गया है (36:36, 37; 1 इतिहास 1:47, 48)। "मस्रेका" का अर्थ "चुनिंदा दाखलता का स्थान" है। इस स्थान की भौगोलिक परिस्थिति भी अज्ञात है।

आयत 37. शाऊल जो महानद के तट वाले रहोबोत नगर का था, सो उसके [सम्ला के] **स्थान पर राजा हुआ।** इब्रानी शब्द "शाऊल" का अंग्रेजी रूपांतर "सौल" (Saul) है जो इस्राएल का प्रथम राजा भी था (1 शमूएल 9:2)। यहाँ एदोम का संदर्भ होने के कारण "महानद तट वाले रहोबोत" का भौगोलिक सीमाओं का निर्धारण करने में समस्या खड़ी होती है। NASB में "महानद" को तिरछे अक्षरों में लिखा गया है जो यह दिखाती है कि संभवतः इसको अनुवादकों ने यहाँ जोड़ा होगा। जब इब्रानी पाठ में "नदी" הַנָּהָר *(हन्नाहर)* स्वतंत्र रूप से लिखा जाता है तो यह महानद को ही इंगित करता है (देखें 31:21; निर्गमन 23:31; गिनती 22:5; यहोशू 24:14)। फिर भी इस परिस्थिति में यह उस नदी की ओर इंगित करता है जो या तो एदोम या उसके आसपास था। इसकी भौगोलिक परिस्थिति के बारे में कई सुझाव दिए गए हैं परंतु इसकी स्थिति स्पष्ट नहीं है। एक संभावना यह भी है कि यह वह स्थान है जिसे इसहाक ने नेगेव में "रहोबोत" नाम दिया था; यह वादी के पास स्थित है (26:22 की टिप्पणी देखें)।

आयत 38. अगला एदोमी **राजा अकबोर का पुत्र बाल्हानान हुआ**। उसके नाम का अर्थ "बाल अनुग्रहकारी" है। इस नाम का बाइबल में एक और व्यक्ति है, वह दाऊद का माली था और वह भी इसी नाम से जाना जाता था (1 इतिहास 27:28)। 36:38 में बाल्हानान के शासन से संबंधित कोई स्थान नहीं बताया गया है।

आयत 39. इस सूची में आखिरी राजा **हदर** है। 1 इतिहास 1:50 के अनुसार उसके नाम का ठीक उच्चारण संभवतः "हदद" है। उसके नाम के उच्चारण की भिन्नता संभवतः इब्रानी अक्षर *दालेथ* (ד, *द*) और *रेश* (ר, *र*) में समानता होने के कारण हुआ है। यदि "हदद" ठीक है तो यह वही राजा है जिसका वर्णन आयत 35 में पाया जाता है।

दूसरी संभावना यह है कि "हदद" या "हदर" दाऊद के समय एक जवान था जो योआब का एदोमियों पर आक्रमण से बच गया था और उसने मिस्र में शरण ली थी। जब दाऊद का देहांत हुआ तो संभवतः वह एदोम लौटा होगा और उसने सेना एकत्रित कर सुलैमान के राज्य के विरूद्ध बलवा किया होगा (1 राजा 11:14-22, 25)।[18]

हदद का निवास्थान **पाऊ** था, लेकिन इस नगर की भौगोलिक स्थिति के बारे में ठीक ठीक पता नहीं है। **उसकी पत्नी महेतबेल थी** जिसका अर्थ "परमेश्वर *[एई]* हितकारी है।" स्पष्टतया, समाज में वह एक सम्मानित स्त्री थी क्योंकि उसका वर्णन इस प्रकार किया गया है कि **जो मेजाहब की नतिनी और मत्रेद की बेटी थी**।

एदोम के अधिपति (36:40-43)

40फिर एसाववंशियों के अधिपतियों के कुलों, और स्थानों के अनुसार उनके नाम ये हैं; अर्थात तिम्ना अधिपति, अल्बा अधिपति, यतेत अधिपति, 41ओहोलीबामा अधिपति, एला अधिपति, पीनोन अधिपति, 42कनज अधिपति, तेमान अधिपति, मिबसार अधिपति, 43मग्दीएल अधिपति, ईराम अधिपति: एदोमवंशियों ने जो देश अपना कर लिया था, उसके निवास स्थानों में उनके ये ही अधिपति हुए। और एदोमी जाति का मूलपुरूष एसाव है।

आयतें 40-43. एसाव से जो **अधिपति** उत्पन्न हुए उनका यहाँ वर्णन किया गया है। उनके **कुलों**,[19] **और स्थानों के अनुसार** उनके नाम दिए हैं।

36:40-43 में दो कठिनाइयाँ दिखाई देती हैं। प्रथम यह कि इस सूची में वर्णित अधिपति, 36:15-19 में वर्णित अधिपति से उनकी तुलना कैसे की जाए। द्वितीय यह कि वे 36:31-39 में वर्णित राजाओं की सूची से मेल नहीं खाते हैं। वस्तुतः सात नए नाम इस सूची में जोड़े गए हैं: **अल्बा**, **यतेत**, **एला**, **पीनोन**,[20] **मिबसार**,[21] **मग्दीएल** और **ईराम**। दूसरे नामों का वर्णन पहले भी किया गया है - और इनमें दो महिलाएं भी हैं। **तिम्ना** (36:40) एलीपज की रखैल थी (36:12) और लोतान की बहन थी जो सेईर का पुत्र था (36:22)। **ओहोलीबामा** (36:41) अन्नाह की पुत्री थी और एसाव की पत्नी थी (36:2, 5, 14, 18, 24) और एक और अन्ना की पुत्री थी (36:25)। **केनज** और **तेमन** (36:42) को पहले भी सूचीबद्ध किया जा चुका है और उनका नाम अन्य एदोमी अधिपतियों में है (36:15)।

टीकाकारों ने कई सुझाव प्रस्तुत किए हैं कि ये नाम इस अध्याय में कैसे ठीक बैठते हैं। सबसे संतुष्ट करने वाला विश्लेषण यह है कि इस अन्तिम सूची में यह नाम परिवारों का प्रतिनिधित्व करता है और ये एदोमी राज्य में ज़िलों के प्रशासनिक नाम भी थे।[22] अधिपति के नामों की सूची उनके स्थानों पर आधारित है।

अनुप्रयोग

एसाव के प्रति परमेश्वर की विश्वासयोग्यता (अध्याय 36)

अब्राहम का संतान होने के नाते, एसाव को परमेश्वर की ओर से अपार आशीष प्राप्त हुईं जिसमें अपार धन तथा कई संतानें थीं। परमेश्वर ने अब्राहम को मेसोपोटामिया में अपने घर छोड़ने और कनान जाने के लिए कहा, जो परमेश्वर के मूल प्रतिज्ञा का एक हिस्सा था कि वह "जातियों का पिता होगा" (17:4, 5)

जो आकाश के तारागण और समुद्र तीर के बालू के किनकों के समान होंगे (15:5; 22:17)। इसके साथ ही परमेश्वर ने यह भी घोषणा की कि "उसके वंश से राजा उत्पन्न होंगे" (17:6; देखें 17:16)। अध्याय 36 यह बताता है कि यह प्रतिज्ञा एसाव और उसके संतानों में कैसे पूरी हुई। वे अनगिनत हुए, उनके पास कई भेड़ बकरियाँ और जानवरों का झुण्ड और इनकी देखभाल करने के लिए कई दास और दासियाँ थीं (32:6; 33:1, 9-11; 36:6-8)। अब्राहम पर परमेश्वर की आशीष के होने के कारण, एसाव, अनैतिक एवं परमेश्वर रहित होने पर भी जिसने यहोवा को अपने जीवन में कोई स्थान नहीं दिया, अपने जीवन में इन आशीषों का आनंद उठाया (इब्रा. 12:16)।

एसाव ने अन्यजाति कनानी स्त्री से विवाह करके अपनी माँ रिबका को दुःख दिया (27:46)। उसके इस निर्णय से एक ऐसी जाति का उदय हुआ जो परमेश्वर का आदर नहीं करते थे और वे उन लोगों से घृणा करते थे जो यहोवा की उपासना करते थे। यह इस्राएलियों के मरुस्थल यात्रा से विदित होता है जब उन्होंने अपने इस यात्रा के दौरान कनान जाने के लिए उनकी भूमि से पार जाने के लिए निवेदन किया था। उन्होंने एदोम के राजा को एक संदेश भेजा कि वे अब्राहम और इसहाक से उनके संबंध का आदर करें। उनके निवेदन को सुनने के बजाय उसने उन्हें धमकी दी कि यदि उन्होंने उसके देश में से होकर जाने का प्रयास किया तो युद्ध हो सकता है। उसने एक बड़ी सेना भेजकर उन्हें अपने देश से दूर रखा और इस्राएलियों को अपने भूमि से पार जाने के लिए रोका और उन पर दबाव डाला कि वे एदोम से बाहर होते हुए प्रतिज्ञा की देश में चले जाएं (गिनती 20:14-21)। इस व्यवहार ने इन दोनों के मध्य वर्षों तक अच्छे संबंध बनाए रखने में बाधा डाली।

परमेश्वर की आशीष का सदुपयोग न करने से वह श्राप बन गया। समय के गुज़रने के साथ ही, एदोमी लोग बलवंत होते गए और इस्राएल में किसी भी राजा के शासन करने से पहले एदोम में राजाओं का वंश तैयार हो गया (36:31)। अंततः, दूसरे राष्ट्रों के साथ, जो इस्राएल को घेरे हुए थे, वे एक खतरे के रूप में देखे जाने लगे। परिणामस्वरूप, इस्राएल के लोग, अन्य लोगों के समान होने के लिए, उन्होंने शमूएल से एक राजा नियुक्त करने के लिए कहा जो उनके आगे आगे चले और युद्ध करे (1 शमूएल 8:5, 20)। इस निवेदन ने इस्राएल में राजकीय व्यवस्था उत्पन्न की। परमेश्वर ने याकूब के वंशों में से एसाव के वंश से अधिक सामर्थशाली राष्ट्र का निर्माण किया। शाऊल ने इस्राएलियों को एदोमियों के विरूद्ध सफलतापूर्वक युद्ध में अगुआई की (1 शमूएल 14:47) और दाऊद ने उनको अपने वश में कर लिया उनके देश में छावनी डाली (गिनती 24:17, 18; 2 शमूएल 8:14; 1 इतिहास 18:13)। इन विजय गाथाओं में परमेश्वर का रिबका को दी गई भविष्यवाणियां पूरी होने लगी। उसके दोनों पुत्र एसाव और याकूब, दाऊद के समय तक दो राष्ट्र बन चुके थे; एक, राष्ट्र दूसरे से अधिक बलशाली हुआ और जेठा (एसाव का वंश, एदोमी लोग), छोटे (याकूब का वंश, इस्राएल) का सेवा करने के लिए बाध्य हुए (25:22-26; देखें 27:37-40)।

पीढ़ियों तक, इस्राएल और एदोम का संबंध लगभग दुश्मनी भरा था, जो अक्सर उनके मध्य लड़ाइयों के रुप में देखा जा सकता है। परमेश्वर के भविष्यवक्ताओं ने एदोमियों को कठोर संदेश दिए जिन्होंने बाबुल द्वारा 586 ई.पू. में हुए यरूशलेम के विनाश पर न केवल आनंद मनाया बल्कि उनकी ऐसा करने में सहायता भी की थी (भजन 137:7; यशा. 34:5-10; विलाप. 4:21, 22; यहेज. 35:3-15)। इस विश्वासघात के प्रत्युत्तर में, ओबद्याह के पुस्तक में एक प्राथमिक संदेश पाया जाता हैः एदोम पर आने वाला विनाश "उस उपद्रव के कारण जो तू ने अपने भाई याकूब पर किया" (ओबद्याह 10)।

दुर्भाग्यवश, एसाव और याकूब ने अपने बिगड़े संबंध जोड़ने के लिए जो आंसू बहाए और जिसके कारण उन्होंने वर्षों तक मेल-मिलाप का आनंद उठाया था, एदोमी लोग उसे भूल गए (33:1-17; 35:28, 29)। यदि एदोमी लोग परमेश्वर से न फिरे होते और उसके लोगों (इस्राएलियों) को तुच्छ न जानते तो उनका इतिहास अलग हो सकता था - जो आशीष तथा आशा से भरा होता। न ही इस्राएली, एदोमियों के साथ अपने व्यवहार में हज़ारों वर्ष तक खरे थे लेकिन उनका अपने भाई याकूब (इस्राएल) के प्रति वर्षों तक दुश्मनी के कारण, परमेश्वर का न्याय एदोमियों पर पड़ा। उसने कहा, "एदोम के तीन क्या, वरन चार अपराधों के कारण मैं उसका दण्ड न छोड़ूंगा; क्योंकि उसने अपने भाई को तलवार लिए हुए खदेड़ा ..." (आमोस 1:11, 12)। एदोमियों ने परमेश्वर के आशीष को श्राप में बदल डाला और वे इतिहास से ओझल हो गए।

बिन चुने लोगों में परमेश्वर के अनुग्रह की उपस्थिति का जारी रहना। परमेश्वर का चुनाव किसी व्यक्ति विशेष का बिना शर्त उद्धार की गारंटी नहीं देता है, न ही बिन चुनों का बिना शर्त के उनके भविष्य का निर्धारण करता है। किसी भी व्यक्ति को उसके भविष्य की दिशा का चुनाव करने की स्वतंत्र इच्छा तथा सामर्थ्य प्रदान की गई हैः हर एक व्यक्ति को यह निर्णय लेना है कि या तो वह परमेश्वर का आदर करे और उसकी सेवा करे या फिर उसका इनकार करके अपने "अहम" को मिलाकर अन्य देवी देवताओं की उपासना करे। यही सिद्धांत चुने और बिन चुने हुए राष्ट्र के साथ भी लागू होता है। अतः सभी इस्राएली (याकूब के पुत्रों के वंश) बाइबल के समय से लेकर अब तक चाहे कैसे भी जीवन उन्होंने क्यों न बिताया हो, इसलिए उद्धार नहीं पाएंगे क्योंकि उनका जन्म परमेश्वर के चुने हुए राष्ट्र में हुआ है (निर्गमन 32:1-8, 25-28; गिनती 25:1-9; मत्ती 23:13-39; इब्रा. 3:7-19; 4:1-7)। उसी तरह सभी एदोमी लोग, इसलिए नाश नहीं होंगे क्योंकि उनका जन्म बिन चुने एसाव के परिवार में हुआ है।

उदाहरण के लिए अय्यूब ऊज का रहने वाला था। उत्पत्ति 36:28 के अनुसार ऊज दिशान का पुत्र और सेईर का पोता था (देखें 1 इतिहास 1:42)। ये सभी एदोम के आदि निवासी थे (36:21)। यद्यपि अय्यूब, याकूब का वंश का नहीं था और अन्य एदोमी लोग भी थे फिर भी "वह खरा और सीधा था और परमेश्वर का भय मानता और बुराई से परे रहता था" (अय्यूब 1:1)। सम्पत्ति के दृष्टिकोण से "पूरबियों में वह सब से बड़ा था" (अय्यूब 1:3)। जबकि इस व्यक्ति ने

अपने दास, सम्पत्ति और बच्चों का नुकसान उठाया तब भी उसने मुँह के बल गिरकर परमेश्वर की उपासना की। इसलिए यह आश्चर्यजनक है कि नए नियम इस व्यक्ति का सराहना करता है और उसे "धन्य" कहता है। अंत में परमेश्वर ने उस पर अत्यधिक दया दिखाई (याकूब 5:11)।

अय्यूब का मित्र एलीपज एक और गैर इस्राएली था जो सच्चे परमेश्वर को जानता था।[23] वह उन तीन व्यक्तियों में से एक था जो अय्यूब को उसकी परीक्षा और दुःख की घड़ी में सांत्वना दे रहे थे (अय्यूब 2:10)। न तो अय्यूब और न ही उसके मित्रों को परमेश्वर के गति के बारे में ठीक ठीक मालूम था या फिर कि एक धर्मी को इतनी बुरी तरह से क्यों दुःख उठाना है; फिर भी, उनका इस विषय पर अज्ञानी होने के बावजूद भी, वे परमेश्वर के विश्वासी थे।

मनुष्य होने के नाते, एदोमियों ने मूर्ति पूजा की, कनानियों और उनके चारों ओर के लोगों के समान प्रजनन शक्ति प्रदान करने वाले देवी देवताओं की उपासना की। प्राचीन एदोमियों के खण्डहरों में, भूगर्भ विशेषज्ञों ने बर्तनों और पटियाओं में ऐसे देवी देवताओं के नाम पाए हैं।[24] तो प्रश्न यह उठता है कि अय्यूब और उसके मित्रों के विश्वास की कड़ी को कब और कैसे इन एदोमियों ने तोड़ा? हमें इसके बारे में कुछ भी नहीं बताया गया है लेकिन हम यह जानते हैं कि एसाव के कुछ वंशों में, जबकि वे चुने भी नहीं गए थे, परमेश्वर का अनुग्रह पाया जाता था।

यीशु मसीह का इस संसार में आने के द्वारा, चुने जाने की विचार धारा, स्वर्ग के नीचे रहने वाले सभी राष्ट्रों (जातियों) को शामिल करने के लिए कि वे उसका अनुसरण करें, विस्तृत हो गया। पौलुस ने लिखा कि "वह यह चाहता है, कि सब मनुष्यों का उद्धार हो; और वे सत्य को भली भांति पहचान लें। क्योंकि परमेश्वर एक ही है: और परमेश्वर और मनुष्यों के बीच में भी एक ही बिचवई है, अर्थात मसीह यीशु जो मनुष्य है। जिस ने अपने आप को सब के छुटकारे के दाम में दे दिया; ताकि उस की गवाही ठीक समयों पर दी जाए" (1 तीमु. 2:4-6)।

समाप्ति नोट्स

[1]जॉन टी. विल्लिस, *जेनेसिस,* द लिविंग वर्ड कमेंटरी (ऑस्टिन, टेक्स.: स्वीट पब्लिशिंग कंपनी., 1979), 375-76. [2]शास्त्री लोग अपनी हस्तलिपियों में से गलतियों को समाप्त करने के लिए असाधारण मापदंडों का प्रयोग किया करते थे; परंतु फिर भी कभी-कभी वे गलतियाँ कर देते थे। मूल में, इब्रानी मूलपाठ में कोई लिखित स्वर नहीं थे। उसके अलावा, "बेटा" और "बेटी" के लिए जो शब्द थे उनका एक ही प्रथम व्यंजन था: ב (*b*)। हालाँकि अंतिम अक्षर נ (*n*) और ת *(th)* अलग हैं, कोई शास्त्री को वंशावली की सूची का काम कर रहा होता वह इब्रानी भाषा में בן (*बेन,* "बेटा") को בת (*बेत,* "बेटी") पढ़ने की भूल कर सकता था। [3]विल्लिस, 376; और एड्रियानस वन सेल्म्स, "हाइवाइट्स," इन *द इंटरनेशनल स्टैण्डर्ड बाइबल इनसाइक्लोपीडिया,* रिवाइज्ड एडिशन. जोफरे ब्रोमिली (ग्रैंड रैपिड्स, मीच.: विलियम बी. अर्ड्मन पब्लिशिंग कंपनी., 1982), 2:724. [4]उलरिक हबनर, "एलिफाज़," इन *द एंकर बाइबल डिक्शनरी,* ed. डेविड नोएल फ्रीडमन (न्यू यॉर्क: डबलडे, 1992), 2:471. [5]बहुत वर्ष पहले इसी प्रकार की परिस्थिति के कारण ही लूत और

अब्राहम अलग-अलग हुए थे (13:5-12)। [6]अर्न्स्ट एक्सेल क्नौफ़, "तेमन," इन *दी एंकर बाइबल डिक्शनरी*, 6:347-48. [7]जे. केनेथ कुन्त्ज़, "केनज़," इन *दी एंकर बाइबल डिक्शनरी*, 4:17. [8]एलिपज को कोरह नाम का एक सातवाँ पुत्र भी हुआ था, 36:16 के अनुसार। [9]जोसेफस *एंटीक्विटीज़* 2.1.2. [10]19:30-38 में मोआब जाती और अम्मोनवंशियों के उद्गम की कहानी की तुलना करें।

[11]गेरार्ड वान ग्रोनिनजेन, "זָרַח," *TWOT* में, 1:251. [12]जैक बी. स्कॉट, "אֶלֶף," *TWOT* में, 1:48. [13]*अल्लुप* के और भी प्रयोग है। उदाहरण के लिए, जकर्याह 9:7 और 12:5, 6 में इस शब्द का अनुवाद, कुछ अनुवादों में, यहूदा के परिवारों के सन्दर्भ में "गोत्र" किया गया है। [14]केनेथ ए. मैथ्यूस, *जेनेसिस 11:27-50:26*, द न्यू अमेरिकन कमेंटरी, वॉल. 1B (नैशविल: बरोह्मन & होलमन पब्लिशर्स, 2005), 653. एक और सम्भावना यह हो सकती है की होरी लोग खानों में काम करने वाले थे। (डेरेक किडनर, *जेनेसिस: एन इंट्रोडक्शन एंड कमेंटरी*, द टिंडेल ओल्ड टेस्टमेंट कमेंटरी [डाउनर्स ग्रोव, Ill.: इंटर-वार्सिटी प्रेस, 1967], 178.) [15]डी. जे. वाइज़मन, "शोबाल," इन *द न्यू बाइबल डिक्शनरी*, सम्पादक जे. डी. डगलस (ग्रैंड रैपिड्स, मीच.: डब्लू.बी. अर्डमन्स पब्लिशिंग कंपनी., 1962), 1182. [16]मैथ्यूस, 654. [17]फ्रांसिस ब्राउन, एस. आर. ड्राईवर, एंड चार्ल्स ए. ब्रिग्गस, *ए हिब्रू एंड इंग्लिश लेक्सिकन ऑफ द ओल्ड टेस्टमेंट* (ऑक्सफ़ोर्ड: क्लेरेंडन प्रेस, 1962), 630. [18]जॉर्ज राइस होवी और आर. के. हैरिसन, "हदद," में *दी इंटरनेशनल स्टेंडर्ड बाइबल एनसायक्लोपीडीया*, 2:590. [19]यहाँ इब्रानी शब्द מִשְׁפָּחָה *(मिशपाहाह)* एक वंश को संबोधित करने के लिए प्रयोग किया गया है परंतु इस शब्द का प्रयोग बड़े वंशों को संबोधित करने के लिए भी किया गया है जो कुछ अनुवादों में "कुल" करके अनुवाद किया गया है (36:40; NIV; ESV)। (हरमैन जे. आस्टेल, "מִשְׁפָּחָה," *TWOT* में, 2:946-47.) [20]"पिनोन," "पुनोन" नाम का आभास कराता है (गिनती 33:42, 43), जो मृत सागर से लगभग तीस मील दक्षिण में स्थित है और खनन के लिए जाना जाता है। इसका आधुनिक नाम पैनान है। "मिबसार" का अर्थ "किला" है। कुछ लोगों का मानना है कि यह बोस्रा या पेटरा को दर्शाता है।

[21]"मिबसार" का अर्थ "किला" है। कुछ लोगों का मानना है कि यह बोस्रा या पेटरा को दर्शाता है। [22]ब्रूस के. वाटके, *जेनेसिसः ए कमेंट्री* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशीगनः जॉडरवैन पब्लिशर्स, 2001), 487. [23]एदोमियों के नाम के सूची में एलीपज भी है (36:10)। [24]बर्टन मेक्डॉनाल्ड, "एदोम," में *दि इंटरनेशनल स्टेंडर्ड बाइबल एनसाइक्लोपीडीया*, 2:20.